दिनांकः 20.02.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- जयपुर में आज से तीन दिन का राष्ट्रीय न्यायिक सम्मेलन–सीजेआई सूर्यकांत शुभारंभ करेंगे।
- प्रदेश में एसआईआर प्रक्रिया 2026 के तहत अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कल होगा।
- नई दिल्ली में चल रहे पांच दिवसीय इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट का आज **लीडर्स डिक्लेरेशन** के साथ समापन होगा।
- गृहमंत्री अमित शाह आज से **जीवंत ग्राम कार्यक्रम** के दूसरे चरण की शुरूआत करेंगे–वित्त वर्ष 2028–29 तक 6 हजार 800 करोड़ रुपये सीमावर्ती समुदायों के लिए खर्च किये जाएंगे।

000

जयपुर में आज से तीन दिन के राष्ट्रीय न्यायिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। **साइबर सुरक्षा–जागरुकता, सरंक्षण और न्याय तक पहुंच** विषय पर हो रहे इस सम्मेलन का आयोजन राज्य विधिक प्राधिकरण की ओर से किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत आज शाम सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में हो रहे इस सम्मेलन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी शिरकत करेंगे। सम्मेलन के दौरान राजस्थान उच्च न्यायालय के कार्यवाहक सीजे संजीव प्रकाश शर्मा की अगुवाई में रालसा की कई नई पहलों की शुरूआत होगी।

000

राज्य विधानसभा में आज कृषि और सहकारिता विभाग की अनुदान मांगों पर विचार और मतदान होगा। इससे पहले, विधानसभा की कार्यवाही प्रश्नकाल के साथ शुरू होगी। विधायक हरिमोहन शर्मा की ओर से बूंदी रोडवेज बस स्टेण्ड को स्थानांतरित करने और विधायक भागचंद टांकड़ा की ओर से ऊर्जा विभाग के कार्मिकों की इंटर डिस्कॉम तबादला नीति के बारे में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लाए जाएंगे। ऊर्जा राज्यमंत्री हीरालाल नागर सदन के पटल पर ऊर्जा विभाग की अधिसूचनाएं रखेंगे। इसके अलावा सदन की मेज़ पर अन्य विभागों से संबंधित वार्षिक प्रतिवेदन और लेखे भी रखे जाएंगे और विभिन्न याचिकाओं का उपस्थापन होगा।

000

प्रदेश में पिछले दो साल में औद्योगिक निवेश को गति देने के लिए विभिन्न प्रयास किये गये हैं, जिससे उद्योग स्थापित करने के लिए सकारात्मक माहौल बना है। राज्य में उद्योग लगाने के लिए अब ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस की प्रक्रिया को आसान बनाया गया है।

उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कल विधानसभा में बताया कि पिछले दो साल में प्रदेश में 1600 करोड़ रुपये का निवेश प्रोत्साहन अनुदान दिया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य में सिंगल विंडो क्लियरेंस सिस्टम को मजबूत किया गया है। निवेशकों को 180 सेवाएं पेपरलेस माध्यम से दी जा रही हैं। पहले इनकी संख्या 80 थी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने पिछले दो सालों में एमएसएमई, हस्तशिल्प, हथकरघा और अन्य सैक्टर्स को ध्यान में रखते हुए 13 नई नीतियां और योजनाएं लागू की हैं।

.............

000

प्रदेश में एसआईआर प्रक्रिया 2026 के तहत अंतिम मतदाता सूची कल प्रकाशित की जाएगी। इसके साथ ही प्रदेश में पंजीकृत मतदाताओं की तस्वीर साफ हो जाएगी। निर्वाचन विभाग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत 41 लाख 85 हजार नाम हटाये थे। वहीं 11 लाख मतदाताओं से दस्तावेज मांगे गये थे। इसके साथ ही वोटर लिस्ट में 10 लाख से ज्यादा लोगों ने निर्वाचन आयोग के समक्ष नाम जोड़ने का आवेदन किया था।

इस बीच चुनाव आयोग ने कहा है कि फिलहाल देश में 12 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में एसआईआर प्रक्रिया जारी है। वहीं आयोग ने 22 अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को आगामी एसआईआर प्रक्रिया के बारे में तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिये हैं।

000

आरटीई के तहत शैक्षणिक सत्र 2026—27 में निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन नामांकन की प्रक्रिया आज से शुरू हो रही है। आवेदन 4 मार्च तक किये जा सकेंगे। प्रवेश की लॉटरी 6 मार्च को निकाली जाएगी। प्रदेश में आरटीई के तहत आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का समान अवसर उपलब्ध करवाने के लिए 25 प्रतिशत सीटों पर निःशुल्क प्रवेश दिया जाता है।

000

नई दिल्ली के भारत मंडपम में चल रहे पांच दिवसीय इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट का आज समापन होगा। समापन दिवस पर आज लीडर्स डिक्लेरेशन जारी किया जाएगा, जिसमें वैश्विक स्तर पर एआई गवर्नेंस और सहयोग के लिए एक साझा रोड़मैप बताया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल शाम **इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट** में व्यापार जगत के शीर्ष प्रतिनीधियों के साथ **गोलमेज सम्मेलन** की अध्यक्षता की। इस मौके पर श्री मोदी ने कहा कि भारत जिम्मेदारी के साथ एआई के विस्तार, वैश्विक सहयोग और विकास के अवसरों पर जोर दे रहा है।

.............

000

राजस्थान सहित देश के 17 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में आज से जीवंत ग्राम कार्यक्रम के दूसरे चरण की शुरूआत हो रही है। ये कार्यक्रम सीमावर्ती गांवों के सुधार और आजीविका के अवसर पैदा करने पर केन्द्रित है। विकसित भारत 2047 के संकल्प के अनुसार ये कार्यक्रम सुरक्षित सीमावर्ती समुदायों को बढ़ावा देता है। वित्त वर्ष 2028—29 तक चलने वाली इस योजना की लागत 6 हजार 800 करोड़ रुपये से अधिक है। इससे सीमा सुरक्षा, सीमा पार अपराधों की रोकथाम और आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने में भी योगदान मिलता है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज असम के कछार जिले से **जीवंत ग्राम कार्यक्रम** के दूसरे चरण का शुभारंभ करेंगे।

000

भारतीय वायु सेना के हैलीकॉप्टरों के रोमांचक और हैरतअंगेज़ कारनामे आज जयपुर में नजर आएंगे। वायु सेना की ओर से जल महल पर दोपहर में होने वाले इस एयर शो में सूर्यकिरण और सारंग हैलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम आकर्षण का केन्द्र रहेगी। विंग कमांडर अंकित वशिष्ठ ने बताया कि सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम सौ से हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ते हुए कई तरह की आकर्षक आकृतियां बनाएंगी। वहीं सारंग हैलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम अपने करतबों में सटीक टाइमिंग और शानदार फॉर्मेशन दर्शाएगी। उन्होंने बताया कि एयर शो सिर्फ मनोरंजन ही नहीं है, इसके माध्यम से युवाओं को भारतीय सेना में आने के लिए प्रेरित किया जाएगा। एयर शो को लेकर प्रशासन और पुलिस की ओर से सुरक्षा और यातायात के विशेष इंतजाम किये गये हैं। शो का आयोजन 22 फरवरी को भी किया जाएगा।

000

आज विश्व सामाजिक न्याय दिवस है। यह दिन गरीबी, बहिष्कार, लैंगिक भेदभाव और बेरोजगारी सहित अन्य गंभीर वैश्विक मुद्दों से निपटने के लिए मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2007 में इस दिन को सभी के लिए निष्पक्षता, मानवाधिकार और सामाजिक सुरक्षा के मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए नामित किया था। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के सहयोग से आज एक विशेष कार्यक्रम आयोजित करेगा। इसमें संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया जाएगा। इस प्रस्तावना के माध्यम से सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय के आदर्शों के प्रति देश की प्रतिबद्धता की पुष्टि होती है।

विश्व सामाजिक न्याय दिवस के मौके पर जैसलमेर में दो दिवसीय **दिव्यांग गतिविधि महोत्सव** आयोजित किया जा रहा है। इंदिरा गांधी स्टेडियम में होने वाले इस महोत्सव पर और ब्यौरा हमारे संवाददाता से —

.............

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 फरवरी को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 131वीं कड़ी होगी।

000